This Question Paper consists of **14** questions and **8** printed pages.

इस प्रश्न–पत्र में **14** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**9088**

# PAINTING (Theory)
# चित्रकला (सिद्धान्त)
# (225)

**Code No.** कोड नं. **70/S/O**

**SET/सेट** **A**

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

***General Instructions :***

1. Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
2. **15** minutes time has been allotted to read this Question Paper. The question paper will be distributed at **02.15** p.m. From **02.15** p.m. to **02.30** p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
3. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
4. Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
5. For multiple-choice questions, choose the correct answer from the four options (A), (B), (C) or (D) and write it in your answer-book.
6. All the questions are to be answered within the allotted time.
7. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
8. In case of any doubt or confusion in the question paper, the English Version will prevail.
9. Write your Question Paper Code No. **70/S/O, Set** **A** on the Answer-Book.
10. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any **one** of the languages listed below :
    English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
    You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
    (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें ।
2. इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में **02:15** बजे किया जाएगा । दोपहर **02:15** बजे से **02:30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
3. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
4. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) अथवा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में उस सही उत्तर को लिखना है ।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय में ही लिखना है ।
7. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
8. प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा ।
9. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **70/S/O, सेट A** लिखें ।
10. (क) प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी माध्यम में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

    अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

    कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

    (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

# PAINTING (Theory)

# चित्रकला (सिद्धान्त)

## (225)

Time : **2** Hours ] [ Maximum Marks : **30**

समय : **2** घण्टे ] [ पूर्णांक : **30**

---

**Note :** (i) This question paper consists of **14** questions in all.

(ii) **All** questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section A** consists of :

**Q. No. 1** to **6** – Multiple Choice Questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(v) **Section B** consists of Objective type questions **Q. No. 7** and **Q. No. 8.** Read the passages and attempt the questions.

(vi) **Section C** consists of Subjective type questions **Q. No. 9** to **14.**

(a) **Q. No. 9** to **12** – Very Short questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30** to **40** words. An internal choice has been provided in some of these questions.

(b) **Q. No. 13** – Short answer type question carrying **3** marks to be answered in the range of **50** to **60** words. An internal choice has been provided in this question.

(c) **Q. No. 14** – Long answer type question carrying **4** marks to be answered in the range of **70** to **80** words. An internal choice has been provided in this question.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **14** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं ।

(iv) **खण्ड अ** के प्रश्न इस प्रकार हैं :

प्रश्न सं. **1** से **6** – प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न **1** अंक का है । इन सभी प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें एवं लिखें ।

(v) **खण्ड ब** में प्र. सं. **7** व **8** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं । अनुच्छेदों को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(vi) **खण्ड स** में प्र. सं. **9** से **14** विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।

(a) प्रश्न सं. **9** से **12** – **2** अंकों के अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनका उत्तर **30** से **40** शब्दों में दीजिए । इनमें से एक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।

(b) प्रश्न सं. **13** – लघु उत्तरात्मक प्रकार का **3** अंकों का प्रश्न है जिसका उत्तर **50** से **60** शब्दों में दीजिए । इस प्रश्न में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।

(c) प्रश्न सं. **14** – दीर्घ उत्तरात्मक प्रकार का **4** अंकों का प्रश्न है जिसका उत्तर **70** से **80** शब्दों में दीजिए । इस प्रश्न में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।

## SECTION – A
## खण्ड – अ

Choose and write the correct answer of the questions given below :
नीचे लिखे प्रश्नों का सही उत्तर छाँटकर लिखिए :

1. A major feature of the Gupta period art is : **1**
   (A) The slight tilt of the ear (B) The slight tilt of the nose
   (C) The slight tilt of the lip (D) Slight squinting of the eyes
   गुप्त कालीन कला का एक प्रमुख गुण है :
   (A) कान का थोड़ा–सा टेढ़ापन (B) नाक का थोड़ा–सा टेढ़ापन
   (C) होठों का थोड़ा–सा टेढ़ापन (D) आँखों का थोड़ा–सा भेंगापन

2. Who painted the art work 'The Virgin of the Rocks' ? **1**
   (A) Michael Angelo (B) Leonardo da Vinci
   (C) Claude Monet (D) Edgar Degas
   'द वर्जिन ऑफ द रॉक्स' नामक चित्र किसने चित्रित किया ?
   (A) माइकल एन्जेलो (B) लियोनार्डो डा विन्ची
   (C) क्लॉड मॉने (D) ऐडगर देगा

3. What style does 'Honey is Sweeter Than Blood' painting represent ? **1**
   (A) Surrealism style (B) Cubist style
   (C) Abstract Art style (D) Post-Impressionism style
   'हनी इज स्वीटर दैन ब्लड' पेन्टिंग किस शैली का प्रतिनिधित्व करती है ?
   (A) अतियथार्थवादी शैली (B) घनवादी शैली
   (C) अमूर्त कला शैली (D) उत्तर प्रभाववाद शैली

4. Which technique has been used in 'Words and Symbols' painting ? **1**
   (A) Fresco Buono (B) Calligraphic
   (C) Aquatint (D) Print making
   'वर्ड्स एंड सिम्बल्स' नामक चित्र में किस तकनीक को अपनाया गया है ?
   (A) भित्ति चित्र (B) कैलिग्राफिक
   (C) ताम्र उत्कीर्णन (D) मुद्रण

5. What is the medium of the 'Black Princess' ? **1**

(A) Stone (B) Fiber

(C) Metal (D) Tempera

'अश्वेत राजकुमारी' का माध्यम क्या है ?

(A) पत्थर (B) फाइबर

(C) धातु (D) टेम्परा

6. Identify the painter/artist who is related to the "painting". **1**

(A) Gaganendranath Tagore and 'The Atrium'.

(B) Raja Ravi Varma and 'Brahmacharies'.

(C) Benod Behari and 'Tribals'.

(D) Krishna Reddy and 'Rocket'.

उस कलाकार को पहचानिए जिसका सम्बन्ध "चित्र" से है।

(A) गगनेन्द्रनाथ टैगोर एवं 'दि आट्रियम' (B) राजा रवि वर्मा एवं 'ब्रह्मचारिज'

(C) बिनोद बिहारी एवं 'ट्राइबल्स' (D) कृष्णा रेड्डी एवं 'रॉकेट'

## SECTION – B
## खण्ड – ब

Read the passages given below and answer the questions that follow :
नीचे लिखे अनुच्छेदों को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

7. Passage One :

The Post Gupta period in India is known for the progress in temple architecture and sculpture. Major dynasties like, **Pallavas, Cholas, Hoysalas** in the south and **Palas, Senas** and **Gangas** in the east patronized this progress. In the south, in **Mahabalipuram** or **Mamallapuram**, we see the **Pancharathas** and the **Mandapa** structures. While Pallavas and their rivals, Western Chalukyans are remembered for their sculptural activities, **Cholas** and **Hoysalas** would be always remembered for their temple projects. **Chola** artists excelled in the techniques of bronze casting and intricate metal sculptures with delicate and rhythmic body movements. But at the same time **Chola** period has also given us some of the most important temples of Southern India – like the **Gangakondacholapuram** temple, **Brihadeswara** temple and others. These temples are important for their simplicity, monumentality and majestic quality.

Fill in the blanks :

(a) The post Gupta period is known for the progress in _______ architecture and ___________. **1**

(b) In Mamallapuram we see __________ and the __________. **1**

(c) ___________ artists excelled in ____________. **1**

(d) Cholas built famous temples __________ and ___________. **1**

(e) These temples are __________ and __________. **1**

अनुच्छेद प्रथम :
गुप्तकाल के बाद का समय भारतीय इतिहास में मन्दिर वास्तुकला तथा मूर्तिकला की प्रगति का युग कहलाता है । दक्षिण में **पल्लव, चोल, होयसल** तथा पूर्व में **पाल, सेन** और **गंगेज** वंशों ने इस प्रगति को सहेजा तथा इसे प्रोत्साहन दिया । दक्षिण में **महाबलीपुरम** अथवा **मामल्लपुरम** में **पंचरथ** तथा **मण्डप** ढाँचे देखने को मिलते हैं । जहाँ पल्लव तथा उनके विरोधी पश्चिमी चालुक्य वास्तुकला संबंधी क्रियाओं के लिए याद किए जाते हैं, वहीं **चोल** तथा **होयसल** अपने मन्दिर सम्बन्धी शिल्पकला के लिए हमेशा याद किए जाएँगे । **चोल** कलाकार काँसे की ढलाई द्वारा धातुओं की मूर्तियों में शरीर की लयात्मक गति को दिखलाने की कला में सबसे आगे थे । अपनी कला से उन्होंने काँस्य की मूर्तियाँ और धातु की जटिल मूर्तियाँ बनाईं । **चोल** वंशीय शासकों ने दक्षिण में बहुत–से प्रसिद्ध मन्दिरों का निर्माण कराया – इनमें **गंगकोण्डाचोलापुरम मन्दिर** तथा **बृहदेश्वर मन्दिर** सबसे अधिक महत्वपूर्ण और विशिष्ट हैं । ये मन्दिर अपनी सरलता (अकृत्रिमता), **स्मारकीय विशालता** तथा **राजसी गुणों** के लिए प्रसिद्ध हैं ।
रिक्त स्थान भरिए :

(a) गुप्तकाल के बाद का समय ______ वास्तुकला तथा ______ की प्रगति के लिए जाना जाता है ।

(b) मामल्लपुरम में ______ तथा ______ देखने को मिलते हैं ।

(c) ______ कलाकार ______ की कला में सबसे आगे थे ।

(d) चोल वंशीय शासकों ने ______ तथा ______ मन्दिरों का निर्माण कराया ।

(e) ये मंदिर ______ तथा ______ में विशिष्ट हैं ।

8. Passage Two :
**Cubism** is a style of painting and sculpture, that began in Paris in about 1907. It was the most important trend at the beginning of $20^{th}$ century. **Cezanne** was the pioneer of cubism. He said, **"Everything in nature must be treated as a cylinder or sphere".** The important artists included **Picasso, Braque** and **Leger**. They particularly chose subjects like still life, landscapes and portraits and the motifs in their works were broken up into small parts. The aim was to give importance on construction but not the emotions. The purpose was presenting the form, not richness of colour in terms of geometrical shapes. Forms became increasingly abstract and generalized. By 1920, this art movement came to an end.
**Surrealism** was another movement which started in 1924 and continued till 1955. The Surrealist artists tried to use the images of the unconscious in their works. The Surrealists considered themselves representatives of new outlook, mainly influenced by psycho-analysis. It originated as a revolutionary movement resulting from the **Dadaist's** revolt. **Giorgio de Chirico and Salvador Dali** were the most famous surrealist painters.

**OBJECTIVES**

After studying this lesson, learner will be able to :

- Describe evolution of **Abstract Art, Cubism** and **Surrealism**.

State true or false :

(a) Cubism is a style of painting and sculpture. (True or False) **1**

(b) Picasso is the pioneer of cubism. (True or False) **1**

(c) Important artists of cubism are Braque and Leger. (True or False) **1**

(d) Surrealism was influenced by psycho-analysis. (True or False) **1**

द्वितीय अनुच्छेद :

**घनवाद** चित्रकला एवं मूर्तिकला की एक शैली है जो लगभग 1907 में पेरिस में प्रारम्भ हुई है । 20वीं शती के प्रारम्भ में यह एक बहुत महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति थी । **सेजां** (Cezanne) घनवाद का पुरोगामी नायक था । उसका कहना था कि **"प्रकृति में प्रत्येक वस्तु को बेलन या गोला ही समझकर उसके साथ व्यवहार किया जाना चाहिए" ।** इस युग के महत्त्वपूर्ण कलाकारों में **पिकासो** (Picasso), **ब्रक** (Braque) तथा **लेजे** (Leger) गिने जाते हैं । उन्होंने विशेष रूप से जड़ पदार्थों, प्राकृतिक दृश्य तथा रूपचित्रों को अपने चित्रों का विषय बनाया तथा उन कलाचित्रों के प्रेरक बिन्दु छोटे-छोटे अंशों में विभाजित हो गए । कलाकार का उद्देश्य मुख्य रूप से संरचना पर जोर देना था, भावनाओं पर नहीं । उनका उद्देश्य आकार पर जोर देना था – न कि ज्यामितीय आकारों में प्रयुक्त रंगों की गहराई पर । आकार अत्यधिक अमूर्त तथा सामान्य होते गए । 1920 तक कला का यह आन्दोलन समाप्ति पर आ गया ।

**अतियथार्थवाद** एक दूसरा आंदोलन था, जो 1924 में प्रारम्भ हुआ और 1955 तक चला । अतियथार्थवादी कला के कलाकारों ने अचेतन मन की कल्पना को अपनी कला में प्रयुक्त किया । ये कलाकार अपने को नई विचारधारा के प्रतिनिधि मानने लगे । ये नई विचारधारा को मनोविश्लेषण द्वारा प्रभावित मानते थे । **दादावादी** (Dadaist) विद्रोह के फलस्वरूप इस क्रान्तिकारी आन्दोलन का जन्म हुआ । **जॉर्जिओ डे चिरिकी** (Giorgio de Chirico) तथा **सल्वाडोर डाली** (Salvador Dali) इस विचारधारा के बहुत प्रसिद्ध कलाकार माने जाते हैं ।

**उद्देश्य**

इस पाठ को पढ़ने के बाद, आप :

- अमूर्त कला, घनवाद तथा अतियथार्थवाद के विकास का वर्णन कर सकेंगे ।

सत्य या असत्य लिखिए :

(a) घनवाद चित्रकला एवं मूर्तिकला की एक शैली है । (सत्य/असत्य)

(b) पिकासो घनवाद का पुरोगामी नायक था । (सत्य/असत्य)

(c) घनवाद शैली के महत्त्वपूर्ण कलाकार ब्रक तथा लेजे हैं । (सत्य/असत्य)

(d) अतियथार्थवाद मनोविश्लेषण द्वारा प्रभावित माना जाता है । (सत्य/असत्य)

## SECTION – C
## खण्ड – स

Check for the choice and attempt all questions. (Answer within **30-40** words)
विकल्प को चुनिए और सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (कम से कम **30** से **40** शब्दों में उत्तर दीजिए ।)

9. Write in brief about the artist Raja Ravi Varma. **2**
राजा रवि वर्मा के बारे में संक्षेप में लिखिए ।

10. Write a note on Francis Newton Souza. **2**
फ्रांसिस न्यूटन सौज़ा पर टिप्पणी लिखिए ।

11. Describe the famous painting 'Birth of Venus'. **2**

प्रसिद्ध चित्र 'बर्थ ऑफ वीनस' का वर्णन कीजिए ।

12. (a) Name the capital of the Pallava dynasty rulers. Mention two main features of the statues made during this dynasty. **2**

पल्लव वंशीय शासकों की राजधानी का नाम बताइये । इस वंश में बनी मूर्तियों की दो मुख्य विशेषताएँ बताइए ।

**OR / अथवा**

(b) What do you know about the Indian painter who became blind ?

उस भारतीय कलाकार के बारे में लिखिए जो अन्धा हो गया था ।

Check for the choice and attempt the question. (Answer with **50-60** words)

विकल्प को चुनिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । (कम से कम **50** से **60** शब्दों में उत्तर दीजिए ।)

13. (a) Give description about the works of Indus Valley Civilization. **3**

सिन्धु घाटी सभ्यता के कार्यों का वर्णन कीजिए ।

**OR / अथवा**

(b) What are characteristics of the Konark "Surasundari" sculpture ?

कोणार्क की 'सुरसुन्दरी' मूर्तिकला की क्या विशेषताएँ हैं ?

Check for the choice and attempt the question. (Answer with **70-80** words)

विकल्प को चुनिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । (कम से कम **70** से **80** शब्दों में उत्तर दीजिए ।)

14. (a) What is analytical cubism ? Describe a famous painting of this style. **4**

'विश्लेषणात्मक घनवाद' क्या है ? इस शैली के एक प्रसिद्ध चित्र का वर्णन कीजिए ।

**OR / अथवा**

(b) Review the evolution of Modern Indian Art.

भारतीय आधुनिक कला के क्रम-विकास की समीक्षा कीजिए ।

---